## खबर संक्षेप


### डायरेक्ट सेल्स एजेंट के चयन के लिये साक्षात्कार आज से

**छिन्दवाड़ा।** कार्यालय अधीक्षक डाकघर छिंदवाड़ा, संभाग छिंदवाड़ा में डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा (पीएलआई/आरपीएलआई) के व्यवसाय अर्जन के लिये डायरेक्ट सेल्स एजेंट का चयन किया जाना है। जिसके लिए साक्षात्कार का आयोजन 26 मई 2025 से 04 जून 2025 तक प्रातः 11 बजे से शाम 04 बजे तक किया गया है। अधीक्षक डाकघर छिंदवाड़ा ने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास या समकक्ष राज्य/केन्द्रीय बोर्ड, आवेदक की आयु 18 से 50 वर्ष तथा कम्प्यूटर ज्ञान एवं स्थानीय क्षेत्र का ज्ञान होना आवश्यक है। ऐसे आवेदक कार्यालय अधीक्षक डाकघर छिंदवाड़ा संभाग, प्रधान डाकघर परिसर जिला अस्पताल छिंदवाड़ा के सामने में निर्धारित तिथि व समय पर अपने आवेदन व बायोडाटा के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

### खनिज विभाग के संरक्षण में लीज समाप्ति के बाद भी संचालित हो रहे क्रेशर

# क्रेशर संचालक बगैर रॉयल्टी बेच रहे गिट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



तामिया तहसील में प्रकृति ने गौड खनिज भरपूर मात्रा में दे रखा है। जिसका दोहन खनिज विभाग की मिली भगत से होता चला रहा है। इस कारण पर्यावरण एवं प्राकृतिक संतुलन दिन प्रतिदिन बिगड़ता चला जा रहा है। उदाहरण के तौर पर तामिया तहसील की ग्राम पंचायत पांडू पिपरिया, बिजोरी, साजकुही, जैतपुर, पंचायत में चतुर लोगों ने आदिवासियों की जमीन किराए से लेकर गिट्टी क्रेशर संचालित कर रखे हैं और जमकर पत्थर खुदाई कर रहे हैं।

इस कारण पर्यावरण संतुलन एवं जल स्तर पर इनके द्वारा कई सौ फीट गहरै विस्फोट कर प्रकृति का दोहन कर रहे हैं। वहीं क्रेशर संचालकों द्वारा खनिज विभाग से गौड खनिज के तहत अनुबंध के आधार पर मिली अनुमति का क्रेशर संचालक खुला उल्लंघन भी कर रहे हैं जबकि अनुबंध के आधार पर निर्धारित गहराई तक पत्थर के लिए खुदाई की जा सकती है, लेकिन ऐसा न होकर यह मनमाने तरीके से 100 फीट तक बोर लगाकर ब्लास्टिंग कर पत्थर निकल रहे हैं। वहीं क्रेशर से उड़ने वाली डस्ट भी ग्रामीण एवं राहगीर के लिए मुसीबत खड़ी करती है।

वहीं संचालक मनमाने दाम पर गिट्टी भी बेच रहे हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे निर्माण कार्यों की लागत पर विपरीत असर पड़ रहा है। इन क्रशर संचालक की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए तहसीलदार खनिज निरीक्षक बिल्कुल भी तैयार नहीं है क्योंकि इन क्रेशर वालों को इनका खुला संरक्षण जो मिला हुआ है।

इसी संरक्षण के बलबूते क्रेशर संचालक अब यह रॉयल्टी चोरी भी खुलेआम कर रहे हैं, लेकिन आज तक ना खनिज विभाग ना तहसीलदार ने रॉयल्टी चोरी करने वाले वाहनों पर कार्यवाही की, करते भी कैसे जब संरक्षण हो तो करवाई क्यों करना इस तरह प्रतिदिन दर्जनों ट्रैकों से सैकड़ो घन मीटर गिट्टी की रॉयल्टी की चोरी कर राजस्व की हानि शासन को पहुंच कर अवैध कमाई कर रहे है। बगैर रॉयल्टी के ट्रक ट्रैक्टर दिन के उजाले में ही खुलेआम रॉयल्टी चोरी करते हैं। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार साजकुही एवं पांडुपिपरिया पंचायत में तो क्रेशर की लीज समाप्त होने के बाद भी अवैध तरीके से चल रहे इन पर भी खनिज निरीक्षक द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है जबकि उनको प्रतिमाह इन गिट्टी क्रेशर पर जाकर निरीक्षण करना होता है। खानिज निरीक्षक को खनिज नियमों का पालन कराने हेतु निर्देशित करना होता है, लेकिन जब खनिज निरीक्षक ही संरक्षण दाता बने हो तो कैसी लीज और कैसा निर्देशन यह सारी बातें इन क्रशर संचालकों के सामने बेमानी ही साबित हो रही हैं।

इस तरह तामिया में गिट्टी क्रेशर संचालक अवैध तरीके से क्रेशर चलाकर शासन को रॉयल्टी की हानि के साथ-साथ जल स्तर एवं खनिज नियमों को उल्लंघन खुलेआम कर रहे हैं रॉयल्टी चोरी भी कर रहे हैं।

### शासकीय कॉलेज बिछुआ में जैव विविधता पर कार्यशाला आयोजित

## प्रतिभागी छात्रों ने चित्रकला स्पर्धा में जैवविविधता को चित्रों में उकेरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता के महत्व के बारे जागरूकता बढ़ाने के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के द्वारा मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड वन विभाग भोपाल के सहयोग से शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में म.प्र.जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक श्री दीपक गेडाम, कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के संयोजक श्री श्यामल राव, मुख्य अतिथि पेंच नेशनल पार्क छिंदवाड़ा के एस.डी.ओ. श्री भगवती प्रसाद तिवारी एवं रेंज ऑफिसर मार्तंड सिंह मरावी की उपस्थिति में जैव विविधता पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता के साथ कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उपस्थित सीएमसीएलडीपी के छात्रों को सम्बोधित करते हुये श्री श्यामल राव ने कहा कि जीवन को बनाये रखने के लिए पृथ्वी पर जैव विविधता आवश्यक हैं और इसके बिना हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र और जीवन शैली को खतरा हो सकता है।

## मैं भारतीय सेना अदम्य साहस और वीरता को प्रणाम करता हूंः यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने आमंत्रित लोधा-लोधी क्षत्रिय महासभा के अतिथियों एवं भाजपा नेताओं की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनजागरण वाले मार्गदर्शी कार्यक्रम मन की बात के 122 वे एपिसोड का प्रसारण सुबह 11 बजे देखा।

मन की बाद कार्यक्रम के उपरान्त भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि आज के एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताया कि किस प्रकार हमारे देश की सेना ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। भारतीय सेना की इस सफलता पर पूरे देश में निकाली जा रही तिरंगा यात्राओं ने देश की सेनाओं का मनोबल तो बढ़ाया ही है साथ ही देश के लोगों में भक्ति के जज्बे को और मजबूत किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि मैं भारतीय सेना अदम्य साहस और वीरता को प्रणाम करता हूं।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज के एपिसोड में जो कहा वह एक सर्वमान्य सत्य है कि जो खेलता है वही खिलता है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहे थे कि स्वस्थ मस्तिष्क का विकास खेल मैदानों में होता है। श्री यादव ने कहा कि जो सुबह उठते हैं और खेल मैदानों में पहुंचते हैं, अपने पसंदीदा खेल को खेलते हैं वे दूसरों को अपेक्षा अधिक स्वस्थ और एकाग्रचित होते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि महापुरुषों के अलावा बिना किसी गतिविधि के कोई भी व्यक्ति 1 घंटे ध्यान लगाकर एकाग्रचित नहीं रह सकता लेकिन खेल ध्यान लगाने की और मस्तिष्क को शांत करने की ऐसी विधा है जिसमें व्यक्ति को बिना कोई अतिरिक्त प्रयास करे ध्यान एकाग्र हो जाता है और उस समय खिलाड़ी पूरी दुनिया को भूलकर अपने खेल को ही याद रखता है। उन्होंने कहा कि खेल ध्यान करने का सर्वोत्तम तरीका है।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहद उत्पादन पर भी बहुत उपयोगी जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि जैसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताए कि 20 मई को वर्ल्ड बी डे मनाया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह महत्वपूर्ण जानकारी दी कि वर्तमान में भारत 125 लाख मीट्रिक टन शहद का उत्पादन कर रहा है।

### 31 मई से आयोजित होगी क्रिकेट प्रतियोगिता आदिवासी प्रीमियर लीग

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके द्वारा आदिवासी प्रीमियर लीग ( क्रिकेट प्रतियोगिता) का आयोजन स्थानीय इनर ग्राउंड में किया जा रहा है। लीग के आयोजक महापौर विक्रम अहके ने बताया कि दिनांक 31 मई को सुबह 09 बजे से आयोजित होने वाली इस लीग में आदिवासी वर्ग के युवाओं को क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें विजेता टीम को 31,000 रुपए जबकि उपविजेता टीम को 21,000 रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य आकर्षक पुरस्कार मेन ऑफ द टूर्नामेंट, बेस्ट बैटर, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर एवं सभी मैच में मेन ऑफ द मैच के पुरस्कार वितरित किए जाएगा। इस प्रतियोगिता के आयोजन के मुख्य अतिथि सांसद बंटी विवेक साहू, संरक्षक पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उईके, कार्यक्रम अध्यक्ष जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव एवं अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह, विशिष्ट अतिथि जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अजय पांडे होंगे। इस प्रतियोगिता में तहसील, उपतहसील एवं अन्य सहित कुल 16 टीम भाग लेकर अपने खेल का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता में विशेष सहयोगी के रूप में सत्येन्द्र सिंह मरकाम, अजीत इक्का, आर.एस. उइके, एम.एल. उइके, जगदीश इडपाची, सी.व्ही. उइके माधुरी भलावी, एस.व्ही. इनवाती, आर.एस. बाथम, के. एस. कुसरे, लालचंद मरावी, संतकुमार सिरसाम, सुरेश कुमार परतेती विनोद परस्ते, अनिल कुमरे, रूपेश उइके, विनोद कोर्राम, हेमकरण त्रिकाम, डॉ. धर्मेन्द्र मरावी, डॉ. भानु ठाकुर शामिल होंगे जबकि प्रतियोगिता सम्बन्धी जानकारी के लिए राघवेन्द्र शाह उइके, अनिकेत अहाके, विक्की पंद्रे एवं आर्यन कोर्राम से संपर्क किया जा सकता है।

### लॉ कॉलेज में एल.एल.एम. पाठ्यक्रम शुरू करने की प्रक्रिया हुई प्रारम्भ

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने सतपुड़ा विधि महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में एल.एल.एम. और लिटिल स्टेट कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी बोरगांव में स्नात्कोत्तर पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के लिए केन्द्रीय शिक्षा एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री डॉ. सुकान्त मजूमदार को पत्र प्रेषित किया था। जिसके जवाब में केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. सुकान्त मजूमदार ने सांसद बंटी विवेक साहू को पत्र प्रेषित कर दोनों कॉलेजों में नये पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की प्रक्रिया प्रारम्भ होने की जानकारी दी। राज्य मंत्री श्री मजूमदार द्वारा प्रेषित किये गये पत्र में उल्लेख किया गया है कि डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर द्वारा दोनों कॉलेजों में नये पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। जो जल्द ही पूरी कर ली जायेगी। उन्होंने लिखा है कि डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर द्वारा कॉलेज में नवीन कोर्स प्रारम्भ करने हेतु संबद्धता दिये जाने के लिए परिनियम/नियम निर्मित किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद



**छिन्दवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 122वें एपीसोड में विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुये कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पूरा देश भारत माता की वंदना करते हुये जोश में है। पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ संकल्पबद्ध है। पिछले कुछ दिनों से देश भर में तिरंगा यात्रायें निकाली जा रही है। जिसके माध्यम से देशवासी भारत की तीनों सेनाओं के जयकारे के नारे लगाते हुये उनकी वीरता और शौर्यता को नमन कर रहे है। माह के आखिरी रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छिन्दवाड़ा शहर में वार्ड क्रमांक 48 बूथ क्रमांक 12 में संजू ढाबा के सामने ईसा नगर में संदीप राऊत के निवास स्थान पर सांसद बंटी विवेक साहू ने आम नागरिको, भाजपा कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात के कार्यक्रम को सुना और देखा। विदित हो की सांसद श्री साहू माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले मन की बात कार्यक्रम में निरंतर अलग-अलग स्थानों पर शामिल हो रहे है। रविवार को आयोजित हुये मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद के साथ ही नक्सलवाद का भी देश में सफाया हो रहा है। महाराष्ट्र के गडचिरोली में रहने वाले लोग पहले नक्सलवाद से काफी प्रभावित थे।

## पुलिस,आर्मी,रेलवे हेतु चयनित नगर के छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह

**जुन्नारदेव :** एहसान डिफेंस फिजिकल अकैडमी संचालक एहसान खान द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में साबिर अली पूर्व प्राचार्य एनसीसी अधिकारी, संजय सोमनानी चौकी प्रभारी डूंगरिया की उपस्थित में वेकोलि क्लब में संपन्न हुआ



।कार्यक्रम में 12 पुलिस 1आर्मी 1 रेलवे हेतु चयनित नगर के छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। गर्व का विषय है कि नगर के छात्र बड़ी संख्या में इन प्रतियोगिता में सफलता अर्जित की है। पुलिस हेतु चयनित छात्र भीम यदुवंशी नितिन अमरवंशी संदीप साहू सचिन यदुवंशी मोहित सल्लाम सौरभ सिंह अनिकेत एवं कुमारी अश्विनी यदुवंशी निकिता,मोनिका, पलक,वासुदेव आर्मी एवं रंजीत रेलवे हेतु चयनित का सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री साबिर अली ने अपने उद्बोधन में प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एकाग्रचित पूर्ण समर्पण एवं स्वयं नियंत्रण लाइफस्टाइल अपनाकर मेहनत करने की प्रेरणा दी। साथी ट्रेनिंग में ध्यान रखने योग्य बातों का वर्णन किया। श्री संजय पुलिस चौकी प्रभारी ने छात्रों को असामाजिक गतिविधियों मीडिया इंटरनेट पर टिप्पणी करने से सतर्क किया। एवं सृजनात्मक कार्य में संलग्न रहकर पूर्ण इच्छा शक्ति से मेहनत करने की प्रेरणा दी। श्री साबिर अली पूर्व प्राचार्य एनसीसी अधिकारी की प्रेरणा एवं प्रयास से नगर के लगभग 350 छात्र सुरक्षा सेना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।नगर में संचालित एहसान डिफेंस फिजिकल अकादमी से विगत पांच वर्षों में 67 छात्र विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में चयनित हुए हैं।

## एक दबंग महिला नर्स द्वारा डॉक्टर के ऊपर लगाए लैंगिक उत्पीड़न के आरोप हुए झूठे साबित

### डॉ.अजय कुमार नायक बाइज्जत बरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



वे.को.ली बड़कुई हॉस्पिटल के पूर्व सीएमओ एवं वर्तमान में सेवादूत हॉस्पिटल परासिया के संचालक डॉक्टर अजय कुमार नायक पर एक दबंग महिला नर्स द्वारा महिला लैंगिक उत्पीड़न के समस्त आरोप को माननीय न्यायालय द्वारा झूठे पाए गए । जांच में सामने आया कि दबंग महिला नर्स ने जानबूझकर डॉक्टर अजय कुमार नायक की छवि को खराब करने एवं व्यक्तिगत द्वेष के कारण मनगढ़ंत झूठे आरोप लगाए थे । पूरे क्षेत्र वासियों को डॉक्टर अजय कुमार नायक के आचरण व्यवहार लोकप्रियता ईमानदारी निर्भीकता के साथ - साथ एक ख्याति प्राप्त , एवं नामचीन स्त्रीरोग विशेषज्ञ के नाम से जाने जाते हैं । महिला नसबंदी में प्रथम और ख्याति प्राप्त डॉक्टर पूरे छिंदवाड़ा जिले एवं पूरे वेकोली (WCL) में आज भी उनका कोई मेल नहीं है । डॉ. नायक ने कई कठिन एवं जटिल ऑपरेशन को बड़ी ही आसानी से सफलतापूर्वक किया है । वर्तमान में वे सेवादूत हॉस्पिटल परासिया में क्षेत्र वासियों को अपनी सेवाएं दे रहे हैं । गौरतलब है , कि माननीय जिला एवं सत्र न्यायालय परासिया ने दिनांक 24 मई 2025 को डॉ.अजय कुमार नायक को सभी आरोपों से बरी कर दिया है और कहां की यह आरोप निराधार एवं असत्य था ।डॉ अजय कुमार नायक ने माननीय जिला एवं सत्र न्यायालय के इस फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा , कि न्यायिक प्रक्रिया में मेरी पूर्ण आस्था और विश्वास है । मैं हमेशा पूर्ण ईमानदारी से मरीजों को सेवा दिया हूं । मैने महिलाओं का हमेशा सम्मान किया है । ऐसे झूठे आरोपों से मेरी प्रतिष्ठा को धूमिल करने का असफल प्रयास एवं षड्यंत्र रचा गया था । मुझे न्याय मिला । 13 सालों के इंतज़ार और मानसिक प्रताड़ना झेलने के पश्चातअंत में जीत सत्य की हुई ।

## कपुरदा में हुआ संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ

**छिंदवाड़ा।** श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा प्रति शनिवार को लोगों के बुलावे पर निः शुल्क संगीतमय सुंदरकाण्ड का महापाठ किया जाता है साथ सामाजिक कार्य भी किये जाते है और ग्रुप द्वारा सुंदरकांड के साथ साथ राम नाप जाप धुन प्रभात फेरी द्वारा भी लोगो को धर्म से जोडा जाता है साथ ही ग्रुप ने रामनवमी में ऐतिहासिक रामजन्मोत्सव एवं नगर सहित संपूर्ण जिले के आसपास के साथ साथ सम्पूर्ण प्रदेश में भी अपनी एक अलग ही पहचान बनायी है । इसी क्रम में ग्रुप द्वारा ग्राम कपुरदा वाली माई की नगरी में स्थित श्री रामनारायण वर्मा जी के निजनिवास ग्राम कपुरदा में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ भी किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,प्रदीप भारती,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,वंश झरवड़े,अंकित शर्मा,शिव सिकन्दरपूरे,प्रणय सातनकर,शिवांश चौधरी,उमेश वंशकार,जित्तू यादव,सोनू जी, जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,प्रतीक चोवितकर,राहुल बातरे,मैउयर गोशामी,दिलीप चौधरी,प्रहलाद पटेल,राजेश बुनकर,पप्पू वंदेवार,बलराम वंदेवार,आदेश मिश्रा,दुर्गेश चंदेल,गौरव-सौरव मर्सकोले,मनोहर रघुवंशी,हर्षित साहू,नितेश नागवंशी,राहुल निर्मलकर,दिवाकर मालवीय,हर्षित पटेल,शिवा पटेल,शेंकी पटेल,नयन पटेल जी,चंचलेश मालवीय,नरेश वंशकार,एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## चौरई नगर मंडल द्वारा आयोजित सांसद कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई

भाजपा नगर मंडल चौरई द्वारा आयोजित सांसद कप नाइट क्रिकेट महाकुम्भ जो विगत 1 माह से चल रहा था जिसमे पूरे प्रदेश भर से 32 टीमों ने भाग लिया था जिसमे मुख्य रूप से जबलपुर, सावनेर, भोपाल, बैतूल, सारणी, छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, सिवनी, छापारा, बालाघाट सहित जिले और क्षेत्र की आसपास की स्थानीय टीमों ने भाग लियाक्रिकेट के इस महाकुंभ में देश और प्रदेश के मुंबई,बेंगलोर,इंदौर,भोपाल,नागपुर, जबलपुर,रायपुर सहित महानगरो से आए खिलाड़ियों ने भी अपना जलवा दिखाया,नगर मे पहली बार क्रिकेट का इतना बड़ा आयोजन किया गया की जिसमें देश-प्रदेश के खिलाड़ियों ने भाग लिया इस टूर्नामेंट मे जनता का भी भरपूर सहयोग मिला दूर दराज से आए दर्शकों ने मैच देर रात्रि तक चलने वाले मैचो का भरपूर आंनद लिया क्रिकेट महाकुंभ के इस आयोजन मे नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय वरिष्ठ भाजपा नेता संजय ठाकुर भाजपा नेता चंद्रभान सोनी विनोद पाल केशव तिवारी नीरज शर्मा सुमित सराठे संजू राय जीतेन्द्र दुबे श्यामलाल आदि मौजूद रहे।

## नागलवाड़ी में आकाशीय बिजली का कहर

### दो बेलों की मौके पर मौत, कृषक को भारी आर्थिक क्षति, ग्रामीणों ने की सहायता की माँग

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



उमरेठ तहसील के ग्राम नागलवाड़ी में शनिवार शाम प्रकृति का कहर उस समय टूट पड़ा जब तेज आंधी - तूफान और झमाझम बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान के दो बेलों की मौके पर ही मौत हो गई ।जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी किसान शोभाचंद मर्रापे ने अपने खेत में मवेशियों को बरसात से बचाने के लिए एक अस्थायी कोठा बनाया था । कोठे के समीप स्थित महुआ के वृक्ष से उन्होंने अपने दोनों बेलों को बांध रखा था । जैसे ही शाम के समय तेज बारिश और आंधी शुरू हुई शोभाचंद बैलों को अंदर सुरक्षित स्थान पर ले जाने ही वाले थे , कि उसी क्षण आकाशीय बिजली महुआ के पेड़ पर गिरी और वहाँ बंधे दोनों बेलों को अपनी चपेट में ले लिया । बिजली की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दोनों बेलों की तत्काल मृत्यु हो गई ।घटना की सूचना ग्राम के कोटवार तथा पटवारी को दी गई । अगली सुबह किसान ने उमरेठ थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई । पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने मौके पर पहुँचकर दोनों मृत बेलों का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम किया ।ग्रामीणों ने बताया , कि ये दोनों बैल किसान की खेती का मुख्य आधार थे और उनका इस तरह से असमय जाना किसान के लिए गहरा आर्थिक आघात है। शोभाचंद मर्रापे पूरी तरह खेती पर निर्भर हैं । ऐसे में यह नुकसान उनकी आजीविका पर सीधा असर डालेगा ।ग्रामवासियों ने प्रशासन से मांग की है , कि पीड़ित किसान को शीघ्र आर्थिक सहायता एवं क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए, जिससे वह इस कठिन समय से उबर सके ।

### लंबे समय से बनी है परेशानी, अधिकारियों का कहना है कि नए ट्रांसफार्मर की व्यवस्था बनाने का कर रहे प्रयास

## लो वोल्टेज की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी



गत शुक्रवार को सिंगोड़ी के ग्रामवासियो ओर बिजली उपभोक्ताओ ने भीषण गर्मी में लो वोल्टेज की समस्या से राहत देने के लिए सिंगोड़ी उपयंत्री को ज्ञापन सौप कर समस्या का समाधान करने का निवेदन किया है। ग्रामीणों ने खास कर नई आबादी क्षेत्र के जहां पांच वार्ड है वहां बिजली बोल्टेज की बहुत बड़ी समस्या को लेकर बिजली अधिकारी से बात की है।

लोगो का कहना है कि क्षेत्र में दिन हो या रात हो कूलर, पंखे नहीं चल रहे हैं। जिस कारण से इस भीषण गर्मी में आम नागरिकों को अधिक परेसानियों का सामना करना पड़ रहा वही घरों के बुजुर्ग बच्चें महिलाओं सहित बीमार व्यक्तियों का दम घुट रहा है। वही ग्रामीणों ने बताया की पिछले कई महीनों से बिजली कर्मचारियों से लो वोल्टेज की समस्या से अवगत करवाया जा रहा है किंतु उनका कहना होता है कि पहले से ज्यादा कनेक्शन अभी बढे हुए है और नए ट्रांसफार्मर के लिए ऊपर वरिष्ठ अधिकारियों से कहा गया है मगर गर्मी समाप्त होने को है और समस्या जस की तस बनी हुई। वही ग्रामीणों ने कहा है कि अगर विभाग इस और ध्यान नहीं देता है तो आगामी दिनों में वृहद आंदोलन की राह इख्तियार करना पड़ेगा। सिंगोड़ी के नई आबादी क्षेत्र में ग्रामीणों से जुड़ी समस्या का समाधान करने में प्रशासनिक राजनीतिक और जनप्रतिनिधि हमेशा नजर अंदाज करते है इस समय क्षेत्र में नई पाईप लाईन विस्तार को लेकर हजारों मीटर कांक्रीट सड़क कई महीनों से ठेकेदार द्वारा खोद दी गई है जिसका काम अधूरा छोड़ दिया गया है,पांच वार्ड के हर मोहल्लों में नियमित पानी सप्लाई नहीं है, वही लंबे समय से बिजली आपूर्ति की निम्न समस्या बनी हुई है ये सभी वो समस्या है जिसे लोगो को रोज सामना करना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि लोगो की इन समस्याओं के बारे संबंधित जबाबदारो को नही पता है इन्हे ग्रामीणों द्वारा कई बार अवगत कराया गया मगर समस्या का हल नहीं हो रहा।

### इनका कहना है

कई बार वोल्टेज को लेकर विद्युत विभाग से निवेदन किया गया है मगर इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। एक बार फिर विभाग के उपयंत्री को लोगो ने मिलकर ज्ञापन दिया है।

**योगेश चौरसिया ग्रामीण सिंगोड़ी**

इनका कहना है कि सिंगोड़ी में पिछले कुछ वर्षो से लगातार कनेक्शन बढे हुए है,नए ट्रांसफार्मर बढ़ाने के लिए अधिकारियों से कहा गया है। समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा।

**कृतार्थ श्रीवास्तव**
**कनिष्ठ अभियंता सिंगोड़ी।**

## देशभक्ति के गीतों के साथ जोशिले नारे भी लगाए, लोगों में दिखा देशभक्ति का जज्बा

# यात्रा निकालकर किया सेना के शौर्य का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



परासिया में सेना के शौर्य के सम्मान के लिए यात्रा निकाली गई । यह यात्रा ईडीसी मैदान से रविवार को चार बजे निकाली गई । यात्रा में स्व सहायता समूह की सैकडों महिलाएं पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए देश की सेनाओं का आभार व्यक्त करने और सेना के सम्मान में यात्रा के माध्यम से सडकों पर उतरी ।बीएमएस के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह , आरएसएस के जिला संघ चालक रामेश्वर पटेल , नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय , शौर्य सम्मान यात्रा प्रभारी किरण शर्मा और बड़ी संख्या में स्व सहायता समूह से जुडी महिलाएं , आम नागरिक , आरएसएस स्वयं सेवक उपस्थित रहे । ईडीसी मैदान से प्रारंभ होकर यात्रा ईडीसी बजरंग चौक , अंबेडकर तिराहा , गुरु गोविंद सिंह चौक से होकर मयूर वन पहुंची । मयूर वन में संबोधन के बाद यात्रा का समापन किया गया । यात्रा में सैकडों लोग तिरंगा थामे चल रहे थे । देशभक्ति के गीतों के साथ जोशीले नारे लगाए गए । यात्रा के सामने भारतीय ब्लैक कैट कमांडों की वेशभूषा में। युवक मां भारती के साथ खुली जीप में सवार थे । वक्ताओं ने कहा , कि देश की सेनाओं ने शौर्य से महिलाओं के सिंदूर का बदला लिया है । सिंदूर अभियान के सैनिकों के सम्मान में यात्रा निकाली गई है । विश्व हिंदू परिषद प्रांतीय सेवा प्रमुख किरण शर्मा , बीएसी सोनिया सराठी , वंदना राय , निशा राय मोबाइल स्त्रोत समन्वयक, अधिवक्ता संगीता वर्मा , कंचन चौरसिया , कुसुम जावरे , कल्पना खंडागड़े , संध्या सूर्यवंशी , मालती शर्मा , नीतू सिंह ठाकुर , आजिविका महिला स्व सहायता समूह दिल्ली , स्व सहायता समूह अध्यक्ष नाजिमा महफूज सिद्धिकी , कमला डेहरिया , अर्चना जंघेला , संगीता डेहरिया , सुनीता दुबे , राहुल वर्मा , मुकेश मौर्य , हितेश मालवी , दीपक आरसे , आदि यात्रा में उपस्थित रहे ।

### मुस्लिमों ने किया यात्रा का स्वागत

परासिया सेना के सम्मान में निकाली गई शौर्य सम्मान यात्रा का स्वागत जगह - जगह मुसलिम समाज के लोगों ने किया । यात्रा पर फूल बरसाए गए । पुलिस थाने के सामने अख्तर खान फ्रूट मर्चेंट ने यात्रा का स्वागत किया । साथियों के साथ उन्होंने यात्रा पर फूल बरसाएं । इसके अलावा भी जगह जगह स्वागत किया गया ।

### एकल ग्राम उत्थान फाउंडेशन की पहल पर जुन्नारदेव में खुला प्रशिक्षण केंद्र

**जुन्नारदेव।** इस आदिवासी अंचल में बढ़ता पलायन एवं बेरोजगारी पर लगाम हेतु एकल ग्राम उत्थान फाउंडेशन के द्वारा पहल की जा रही है। इस आदिवासी अंचल में इस क्षेत्र के ग्रामीण युवाओं, महिलाओं, पुरुषों और किसान भाइयों को रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस संस्था के द्वारा प्रयास किया जाएगा। यहां प्रारंभ हो रहे केंद्र में कंप्यूटर, सिलाई एवं जैविक खेती के संदर्भ में प्रशिक्षण उपलब्ध किया जाएगा। एकल ग्राम उत्थान फाउंडेशन के श्रीराम तिराहा, परासिया रोड, जुन्नारदेव स्थित प्रशिक्षण भवन में इन लोगों को रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के द्वारा युवाओं महिलाओं एवं किसानों को प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि वह रोजगार प्राप्त कर इस प्रतिस्पर्धा के युग में अपनी अग्रता बनाने के लिए सक्षम हो सके।

## हज यात्रा पर निकले रकीब खान का किया स्वागत-सत्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

सौसर से हज के लिए निकले लोगों का स्वागत सत्कार कर रवाना किया गया।मदीने वाले को मेरा सलाम कहना इस्लाम धर्म में पाच अरकान माने जाते है। जिसमें सबसे अहम हज को माना गया है। हमारे हुजुर की जियारत करने सौसर से रकीब खान उनकी पत्नी गुडडी सहित हज के लिये रवाना हुये। बडे किस्मतवाले लोग होते है जिन्हे हुजूर बुलाते है अल्लाह करे हम सभी की तमन्न पूरी करे हमें भी नसीब हो हुजू की जियारत। इसी की दरखास्त आज जो हज पर रवाना हुये उनसे दरखास्त की गई। पूरे विष्व में भारत एकता और अखंडता के लिये जाना जाता है। वहा पर जाकर हुजूर की बारागाह में दरखास्त करे कि, हमारी एकता और अखंडता हमेषा कायम रहे। इस अवसर पर पूर्व जिला अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष साबिर षेख, खिदमत गुरप के संचालक मतीन खान, आषिक पटेल, पूर्व जामा मस्जिद सदर षफी खान, हुसैन शेख, शकील पटेल, इनु खान, साजिद खान, अषफाक पटेल, आसिफ खान आदि उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

राजपूत क्षत्रिय समाज पेंच - कन्हान संगठन के अध्यक्ष नवल सिंह परिहार व राजपूत समाज के नेतृत्व में महाराणा प्रताप जयंती धूमधाम से मनाई गई । राजपूत क्षत्रिय संगठन के द्वारा जयंती के अवसर पर नगर के मुख्य मार्ग होते महाराणा प्रताप का स्टेचू व सिंदूर ऑपरेशन भारत माता व सभी समाज के लोगो ने तिरंगा को लेकर रैली निकाली । कार्यक्रम मे युवाओं का परिचय सम्मेलन व जिन छात्राओं ने अधिक अंक लाकर जिला स्तर में टॉप किया उन्हें पुरुस्कार दिया गया । महाराणा प्रताप के जीवन पर संगोष्ठियां आयोजित करने का निर्णय हुआ । ताकि युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिले । कार्यक्रम को संबोधित करते ही अध्यक्ष नवल सिंह परिहार ने कहा , कि महाराणा प्रताप शौर्य और साहस के प्रतीक हैं । उनके विचारों से समाज को नई दिशा मिल सकती है । उन्होंने कहा कि समाज, देश और बहनों के हित में सभी को एकजुट होना होगा । राजपूत समाज सदा ही धर्म व राष्ट्र हित मे लड़ते रहा और आगे भी लड़ते रहेगा ।

## सौंसर-डुक्करझेला में हुआ मन की बात कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

नगर के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड 1 के बुथ क्रमांक 151 पर बुथ अध्यक्ष किशोर राऊत के निवास स्थान पर पूर्व मंत्री नाना मोहोड सहित कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 122 के प्रसारण को सुना। अवसर पर वरिष्ठ नेता एड हरिष बतरा, मोरेष्वर धुर्वे, पार्षद रामकृष्णा राऊत, दिनेष भकने, भास्कर लंगोटे, श्रीमती निषा राऊत, शामवती विष्वकर्मा, पिंकी धुर्वे, अनुसया सिंगनदीपे, पायल राऊत, प्रिया राऊत, छाया मनोटे आदि उपस्थित थे। ग्राम डुकरझेला के बुथ क्रमाक 107 परपर हुए मन की बात कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, आदिवासी नेता मोरेष्वर मर्सकोले, राजेन्द्र भक्ते, मंडल अध्यक्ष नामदेव पाल, महामंत्री संजय बागडे, आषीष चांडक, भाजयुमों अध्यक्ष विवेक गायकवाड, अमोल यषवंत राऊत, सौरभ दवे, विजय गंगाधर येमदे उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाईव कार्यक्रम के माध्यम से पलग्राम हमले के पष्चात किये गये ऑपरेषन सिंदुर में सुरक्षा बलों के अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रत्येक व्यक्ति प्राणायाम करने प्रेरित किया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड द्वारा डुकझेला के ग्रामीणों की समस्याओं को जानकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। ग्रामीणों द्वारा खांडसिवनी-वाघ्यानाला मार्ग के खस्ताहाल होने पर नवीन सडक तथा पेयजल समस्या के निदान की मांग रखी। कार्यक्रम में कमलेष कटकवार, अजय धुर्वे, रविन्द्र धुर्वे उपसरपंच विठठल इवनाती, संतराम तुमडाम, रामपाल सलामे,शर्मीला इवनाती, सोयम इवनाती, प्रमिला कोराची, सीमा



## केंद्रीय कृषि मंत्री ने किया राजकुमार कालपाण्डे को सम्मानित



**सौसर।** हाल ही में नागपुर के केन्द्रीय नींबूवर्गीय फल अनुसंधान संस्थान में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री षिवराज सिह चौहान हस्तें पांढुर्णा जिले के किसानों को उन्नत खेती एवं बेहतर उत्पादन के लिये सम्मानित किया गया। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सौसर विकासखंड के ग्राम हिवरा खंडेरायवार के उन्नत किसान राजकुमार कालबाडे को केन्द्रीय कृषि कल्याण मंत्री हस्तें सम्मानित किया गया। केन्द्रीय मंत्री श्री सिह ने एक राष्ट्र, एक कृषि एक टीम की अवधारणा पर बल देते हुये कहा कि, केन्द्र और राज्य सरकार, वैज्ञानिक संस्थानों और किसानों को मिलकर काम करना चाहिये ताकि, कृषि क्षेत्र में चमत्कारिक परिवर्तन लाया जा सके। उन्नत किसान राजकुमार कालंबाडे ने 65 एकड में संतरा और मौसबी का बगीचा लगाया है। जिसमें गत 2024 मे संतरे के 5 सौ पेडों से बीस लाख, तथा 2023 में मौसम्बी के छह सौ पेडों से 12 लाख का उत्पादन लिया था। श्री कालंबांडे ने बताया कि, मै और मेरा भाई विक्की कालंबाडे दोनो ही उन्नत खेती के लिये समय-समय पर वैज्ञानिकों का मार्गदर्षन लेकर बेहतर उत्पादन लेते है। अन्य किसानों ने भी वैज्ञानिकों के मार्गदर्षन लेकर खेती को लाभ का धंधा बनाने का प्रयास करना चाहिये।

## मॉयल कामगार संगठन ने मनाई 21वीं वर्षगांठ

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** देश की प्रतिष्ठित खनन कंपनी मॉयल लिमिटेड में कार्यरत श्रमिक संगठन मॉयल कामगार संगठन (INTUC) ने आज दिनांक 25 मई 2025 को अपनी स्थापना के 21 वर्ष पूर्ण कर लिए। इस अवसर पर संगठन की सभी स्थानीय इकाइयों—भरवेली, उकवा, तिरोड़ी, चिखला, डोंगरी बुजुर्ग, कोंद्री, मनसर, गुमगांव, बेलडोंगरी और नागपुर मुख्यालय—में हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में संगठन द्वारा विगत दो दशकों से अधिक समय में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को याद किया गया और कर्मचारी हित में संगठन की भूमिका को रेखांकित किया गया।



मॉयल कामगार संगठन ने अपनी स्थापना के बाद से ही कर्मचारी कल्याण, वेतन सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और विभागीय पदोन्नति जैसे मुद्दों पर सशक्त पहल की है। संगठन की दो प्रमुख उपलब्धियों में शामिल है दो बार 10-10 वर्षों का वेतन समझौता, जिसने कर्मचारियों को आर्थिक स्थिरता एवं मजबूती प्रदान की। इसके साथ ही विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और न्यायसंगत बनाने में संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिससे हजारों कर्मचारियों को प्रगति के अवसर मिले।

कार्यस्थलों पर श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जीवन एवं सम्मानजनक कार्य-परिस्थितियाँ सुनिश्चित करने हेतु संगठन ने अनेक योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करवाया। इन प्रयासों के फलस्वरूप कामगार वर्ग के जीवन में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है।

इस अवसर पर संगठन के महामंत्री श्री राम अवतार देवांगन और कार्याध्यक्ष श्री मुकुंद जांबुलकर ने एक संयुक्त संदेश जारी किया। उन्होंने कहा— "प्रिय मजदूर और कर्मचारी साथियों, आज हम सबकी यूनियन मॉयल कामगार संगठन को मान्यता प्राप्त हुए 21 गौरवशाली वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इन वर्षों में हमसे जितना हो सका, कर्मचारियों के सामाजिक, आर्थिक और जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया। संगठन की यह उपलब्धियाँ आप सभी के सहयोग, संघर्ष, एकता और विश्वास का परिणाम हैं। हम सभी का दिल से आभार व्यक्त करते हैं। आगे भी हम कामगारों के हितों की रक्षा, अधिकारों की सुरक्षा और न्यायपूर्ण कार्यसंस्कृति को बनाए रखने हेतु पूरी निष्ठा के साथ कार्यरत रहेंगे।"

## नगर परिषद के पास उपलब्ध है फॉगिंग मशीन, फिर भी नहीं हो रहा नगर में धुआं

# शोभा बढ़ा रही फॉगिंग मशीन, नहीं हो रहा दवा का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज लाँजी।

लांजी नगर परिषद शासन की योजनाओं का हमेशा धज्जियां उड़ाते नजर आती है वहीं नगर के नगर वासियों को सुख सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अनेक प्रकार की उपलब्धियां तैयार की जाती है परंतु कुछ दिनों में ही वह नगर परिषद के कबाड़खाने में नजर आती है ऐसा ही एक मामला नगर परिषद में है जहां फागिंग मशीन स्थानीय नगर परिषद कार्यालय की शोभा बढ़ा रही है लेकिन दवा का छिड़काव करने में उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। यूं तो मच्छरों का प्रकोप सालों भर रहता है लेकिन गर्मी के दिनों में गंदगी तथा नालियों मे जलजमाव के कारण इसका प्रकोप काफी बढ़ जाता है। संपन्न परिवार के लोग तो मच्छर निरोधक दवा तथा मच्छरदानी का उपयोग करते हैं लेकिन गरीब परिवार के लोगों को जाग कर रात बितानी पड़ती है। नगर में जल निकासी की व्यवस्था नहीं है आने वालें बारिश नालियों का गंदा पानी रास्ते पर बहते रहता है। आने वाली बारिश जिस वार्ड जाएं तो गंदे पानी रास्ते पर बहते नजर आएगा। इसके कारण कीड़े-मकोड़े के साथ ही मच्छरों का साम्राज्य कायम रहता है।वंही नगर में गर्मी के मौसम में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। इसके बाद भी नगरपरिषद द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नपा के पास फागिंग मशीन तो हैं पर उसे




नगर में कहीं भी नहीं चलाया जाता है और नगरवासी परेशान हो रहे हैं।शहर के खाली प्लाटों में भरी गंदगी और नालियों के पानी में बढ़ी संख्या में मच्छर पनप रहे हैं। यहां नपा द्वारा न तो दवाओं का छिड़काव किया जा रहा हैऔर न ही धुआं कराया जा रहा है। नगर परिषद के पास बड़ी फागिंग मशीन हैं, लेकिन उसे चलाया नहीं जाता है। यह मशीन नगर परिषद में शोपीस बनी हुई है। अधिकारियों द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यदि लगातार शहर में धुआं कराया जाए तो लोगों को राहत मिलेगी।

### अहिल्या बाई होल्कर की त्रिशती जन्म जयंती पर बैहर में हुई व्याख्यान माला

**बालाघाट।** शासकीय अरण्य भारती महाविदयालय बैहर में रविवार को मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतत्व क्षमता विकास पाठयक्रम अन्तर्गत देवी अहिल्या बाई होल्कर की त्रिशती जन्म जयंती के अवसर पर व्याखान माला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे परामर्शदाताओं व छात्रों ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता श्री शिवनाथ यादव क्षरा बताया गया कि अहिल्या बाई होलकर एक ऐसी महान महिला थीं जिन्होंने अपने शासनकाल में न्याय धर्म और कला को बढ़ावा दिया। उन्होंने अपने राज्य में शिक्षा स्वास्थ्य और कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अहिल्या बाई होलकर की सबसे बड़ी विशेषता थी उनकी न्यायप्रियता और धार्मिक सहिष्णुता आज के समय में भी अहिल्या बाई होलकर की विरासत हमें प्रेरित करती है। उनकी कहानी हमें सिखाती है कि एक महिला भी अपने समाज और देश के लिए क्या क्या कर सकती है।

## अहिल्या बाई होलकर की 300 वी जन्म जयंती के अवसर पर व्याख्यान माला सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मप्र जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर के सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा आज राजा भोज शासकीय महाविद्यालय कटंगी में प्रातः स्मरणीय अहिल्या बाई होलकर जीवन चरित्र पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया । व्याख्यान माला को सम्बोधित करते हुए सुरेंद्र कुमार भगत ने कहा कि प्रदेश में अनेक स्थानों पर इस प्रकार की व्याख्यान माला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विगत दिनों इंदौर में भी अनेकानेक कार्यक्रम में अहिल्या बाई होलकर के जीवन पर आधारित कार्यक्रम में सहभागी रहे । श्री भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के शासन काल में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण जैसे काम आज भी दिखते है। उन्होंने बताया कि चाहे किले हो चाहे बावडी या फिर तालाब हो इन सब चीजों पर अहिल्या बाई ने 1762 से लेकर 1795 तक मालवा राज्य शासन किया। जब 1761 में उनके पति का देहावसान हो गया तो मालवा राज्य का राज़ भार संभाला। सीमांत राजा इधर-उधर से राज्य पर कब्जा करने के लिए लगने थे लेकिन मालवा की जनता ने साथ दिया अहिल्या बाई होलकर एक कुशल प्रशासक के रूप में कार्य किया । राज माता व्याख्यान माला कार्यक्रम में सभी परामर्शदाता और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

### कुम्हारी में आयोजित हुआ विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम

**बालाघाट।** बालाघाट विकासखंड के कुम्हारी पंचायत में जिला प्रशासन के हितग्राहीमूलक योजना संचालित करने वाले विभागों ने शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में जिला पंचायत द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्य प्रारम्भ किया गया। जिसमें राष्ट्रीय पेंशन योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। यह प्रयास महिला बाल विकास, बैंक और पंचायत के अमले द्वारा क्रियान्वित हुआ। यहाँ गांव की सखी सहेलियां रूपलता, फुलेश्वरी, रंजना, निशा, सपना, ललिता सहित 103 महिलाओं ने जीवन ज्योति बीमा, सामाजिक सुरक्षा और अटल पेंशन योजना में आवेदन कर अपनी सहमति दी। इसके अलावा इस शिविर और भी कई ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों ने शिविर का लाभ उठाया। दूसरी ओर कई विभागों की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए पात्र हितग्राहियों तक पहुँच हो सकी। जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती ममता कुलस्ते ने बताया कि शिविर में अलग-अलग विभागों के स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त करने के साथ ही योजनाओं की जानकारियां दी गई।

## मच्छरों के प्रकोप से वारासिवनी वासी परेशान नपा नही कर रही दवा का छिड़काव वार्डों में बिखरी पड़ी हैं गंदगी

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



स्थानीय नपा की सफाई की लचर व्यवस्था के चलते इन दिनों सारा शहर परेशान और हताश हैं।शहर में सड़कों पर तो नियमित रूप से झाड़ू लग रही हैं लेकिन शहर की नालियों की साफ सफाई व्यवस्था पटरी से उतर गई हैं।जिससे शहरवासियों की मुसीबतें बढ़ गई हैं लेकिन जिम्मेदार वार्ड पार्षदों,अध्यक्ष उपाध्यक्ष सीएमओ सहित अन्य जिम्मदारों को कोई सरोकार नही हैं जबकि ये सभी शहर के ही रहवासी हैं।

**नालियों की सफाई के अभाव में बदबू और मच्छरों से परेशान है लोग :** सनद रहे कि शहर की नालियों की सफाई नियमित रूप से नही होने की वजह से नालियां गंदगी से पट जाती हैं इस गंदगी की वजह से मच्छरों का प्रकोप भी शहर के वार्डो में बढ़ जाता हैं कुछ ऐसा ही हाल वर्तमान में है जहाँ नालियों की सफाई ना होने के चलते मच्छरों का आतंक शहर में बढ़ गया हैं जिसको लेकर बीते दो दिनों से शहर के वाट्सएप ग्रुप पर लोंगो द्वारा नपा पर अपना गुस्सा भी जाहिर कर रहे हैं लेकिन जिम्मदारों के कान पर जूँ तक नही रेंग रही हैं।

**नालियों में नही हुआ हैं महीनों से कीटनाशक और ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव:** विदित हो कि नपा द्वारा हर वर्षो लाखों रुपए खर्च कर शहर की गलियों और नालियों में किट पतंगों और बीमारियों से लोंगो के बचाव हेतु पूर्व में तो कीटनाशक और ब्लिचिंग का कीटनाशक का नियमित रूप से इस्तेमाल नपा द्वारा किया जाता था लेकिन बीते करीब 2 वर्षो शहर की नालियों में नियमित रूप से ना तो ब्लिचिंग का छिड़काव हो रहा हैं ना ही फॉगिंग मशीन से कीटनाशक का छिड़काव शहर की गलियों में किया जा रहा हैं परिणामस्वरूप शहर में बीते कुछ समय से मच्छरों की सँख्या में अचानक इजाफा हो गया हैं लेकिन नपा के जिम्मदारों को इन सब से कोई सरोकार नजर नही आता हैं।

**हर साल लाखों रुपये के कीटनाशकों की होती हैं खरीदी:** नपा सूत्रों से जानकारी के हिसाब से देखा जाए तो नपा द्वारा हर वर्ष लाखों रुपयों के कीटनाशकों की खरीदी की जाती हैं लेकिन शहर में इनका नपा द्वारा उपयोग कम ही कभी कभार देखा जाता हैं शहरवासियों को शहर में मच्छर मारने घूमती फॉगिंग मशीन के दर्शन किए साल भर से अधिक हो गए ऐसे में लोग ये नही समझ पा रहे हैं कि जब शहर की नालियों में कीटनाशकों का छिड़काव नियमित नही हो रहा हैं शहर में फॉगिंग मशीन मच्छर मारने घूम नही रही तो ऐसे में सवाल उठता हैं कि हर वर्ष लाखों रुपये के खरीदे गए कीटनाशक आखिर में जाते कहाँ हैं या फिर खरीदी महज कागजों में हो जाती हैं ये समझ से परे हैं।

## खबर संक्षेप

### गूंज संस्था के तत्वावधान में ग्रामीण महिलाओं के निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गूंज संस्थान द्वारा महिलाओं और छात्रों के लिए रोजगार उन्मुख बेसिक सिलाई प्रशिक्षण का निशुल्क आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।
बोरदई ग्राम पंचायत जिला सिवनी के सामुदायिक भवन में 22मई से बेसिक सिलाई प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। संस्था की अध्यक्ष मनीषा चौहान ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में योग्य शिक्षकों द्वारा बालिकाओं को सिलाई प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



# देर रात धू-धू कर जली कार

## डायल 100 के कर्मचारियों व दमकल वाहन ने बुझाई आग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के छपारा थाना क्षेत्र अंतर्गत देर रात्रि एक कार में अचानक आग लग गई। जहां डायल 100 के कर्मचारियों व दमकल वाहन ने आग बुझाई। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राज्यमार्ग 44 में बंजारी घाट के समीप अज्ञात कारणों से आग लग गसए। जिसके कारण कार धू-धू करके जल गई।
घटनास्थल के समीप से गुजर एक वाहन चालक ने इस बात की जानकारी पुलिस और डायल 100 में दी। सूचना मिलने के बाद डायल 100 के कर्मचारी मौके पर पहुंचे।वहीं दमकल वाहन भी पहुंच गया और आग बुझाने का प्रयास किया गया।लेकिन कार काफी हद तक जल गई थी।मौके पर कोई भी व्यक्ति नही मिला।जिसके बाद पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है आखिर कार किसकी और किन कारणों उसमें आग लगी है।जिस जगह यह घटना घटी वहां वाहनों व लोगो आना जाना अधिक होता है यदि घटना के समय लोग मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# दो गोवंश तस्कर चढ़े किंदरई पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

**सिवनी जिले की किंदरई पुलिस ने आज सुबह के समय अवैध रूप से जंगल से पैदल ले जाते हुए 7 मवेशियों को मुक्त कराया है। मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।**

किंदरई थाना प्रभारी जीएस राजपूत ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम चिनगा के जंगल में कुछ लोग मवेशियों के झुंड को क्रूरतापूर्वक ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घेराबंदी कर दो लोगों को पकड़ा है।
पकड़े गए आरोपी में थाना किंदरई अंतर्गत ग्राम बहेराटोला कटिया निवासी शिवकुार चंदूलाल यादव (25) एवं घंसौर थाना के ग्राम नयेगांव निवासी अक्कूलाल पिता गोबरा यादव (45) शामिल हैं। उनके पास से एक बाइक जब्त की गई वहीं सात मवेशियों को मुक्त कराया।
मवेशियों को सुरक्षित गौशाला भेजा गया। पूछताछ पर आरोपी ने मवेशियों को नागपुर कत्लखाना ले जाना स्वीकार किए जाने पर उनके विरूद्ध मामला दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सहित एएसआई मयराम परतेती, प्रधान आरक्षक महेन्द्र मरावी, आरक्षक तीरथ सिंगरौरे, अश्वनी ऐरके शामिल रहे।

# घर के अंदर नग्न अवस्था में मिला व्यक्ति का शव

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले के घंसौर में कमरे के अंदर एक व्यकि का शव नग्न अवस्था मे मिला है। जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार घंसौर ग्राम के शांतिनगर कालोनी में एक व्यक्ति नंदकिशोर चोरिया पिता जगदीश चोरिया उम्र 35 वर्ष निवासी सोन खार जिला छिन्दवाड़ा किराए से रहता था। व्यक्ति 2 दिनों से कमरे के अंदर बंद था और अंदर से दरवाजा लगा था। व्यक्ति के पास वाले कमरे में अन्य लोग परिवार सहित रहते थे उन्हें रात से दुर्गंध आ रही थी जिसकी सूचना उन्होंने मकान मालिक माया बाई कोशले को दी। मकान मालकिन ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि उनके घर मे एक व्यक्ति किराया से रहता था जिसके कमरे से दुर्गंध आ रही है। जब कमरे का दरवाजा तोड़ कर देखा तो अंदर व्यक्ति का शव नग्न अवस्था मे पड़ा था। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घटनाक्रम की जांच की जा रही है। मृतक व्यकि घंसौर में जेसीबी चलाने का काम करता था। जो लगभग 3 वर्षो से वहां रह रहा था। घंसौर थाना प्रभारी का कहना है कि सूचना मिली थी एक व्यक्ति के कमरे से दुर्गंध आ रही है दरवाजा तोड़कर देखा तो व्यक्ति का शव पड़ा था। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच की जा रही है और इस बात का

# नगर में हनुमंत कथा एवं दिव्य महा दरबार का तीन दिवसीय महाआयोजन

## घंसौर में एक जून से शुरू होगी 90 दिवसीय गौ रक्षा जागरण यात्रा

घंसौर.। नगर में एक विशेष आध्यात्मिक और सामाजिक जागरूकता का प्रतीक बनने जा रहा है। बृज बिहारी सरकार अनिकेत कृष्ण शास्त्री महाराज वृंदावन धाम द्वारा आयोजित 90 दिवसीय गौ रक्षा जागरण यात्रा पूरे भारतवर्ष में एक महत्वपूर्ण संदेश लेकर निकाली जा रही है।
इस यात्रा का शुभारंभ सिवनी जिले के घंसौर से होगा, जो क्षेत्र में श्रद्धालुओं और भक्तों के लिए एक पावन अवसर प्रस्तुत करेगा। आगामी 1 जून से 3 जून तक तीन दिवसीय हनुमंत कथा एवं दिव्य महा दरबार आयोजित किया जाएगा, जिसमें भक्तगण अपनी समस्याओं



का समाधान पाने के लिए अर्जी लगा सकते हैं। इस आयोजन के दौरान गौ रक्षा जागरण यात्रा को विशेष रूप से प्रचारित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग इसके संदेश को ग्रहण कर सकें। एक जून को सुबह 10 बजे से स्थानीय खेर माता मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ होगा। यह यात्रा नगरके प्रमुख धार्मिक स्थलों से होते हुए दुर्गा चौक, राम मंदिर तक पहुंचेगी। श्रद्धालु इस पवित्र यात्रा में भाग लेकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर सकेंगे। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की गयी है कि इस महा दिव्य दरबार में सम्मिलित होकर अपने जीवन की कठिनाइयों का समाधान पाने के लिए 11 लौंग अर्पित कर अर्जी लगा सकते हैं। आयोजन को लेकर पूरे नगर में भारी उत्साह देखा जा रहा है। धार्मिक वातावरण में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या इसे एक ऐतिहासिक बना रही है। आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए नगर के श्रद्धालुओं ने कमान संभाली है।

# शनि जन्मोत्सवः शनि मंदिर टिग्गा मोहल्ला में अभिषेक और भंडारा 27 मई को



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के पानी टंकी के पास टिग्गा मोहल्ला में स्थित शनि मन्दिर में 27 मई मंगलवार को शनि जन्मोत्सव मनाया जाएगा।मंदिर के पुजारी पंडित संजय तिवारी ने बताया कि 27 मई की सुबह 6 बजे से 7.30 बजे तक पंचाग पूजन,मंडल स्थापना,गणेश पूजन किया जायेगा। वही विद्वान पुरोहित द्वारा सुबह 11 बजे से 12 बजे तक शनि महाराज का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक किया जायेगा। शनि महाराज के अभिषेक के पश्चात शनि मंदिर स्थित हनुमान जी महाराज और भैरव बाबा का भी विधि विधान से अभिषेक कर चोला श्रृंगार किया जायेगा एवं दोपहर 2 बजे से हवन कार्यक्रम एवं शाम 7 बजे शनि महाराज की महाआरती एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया जायेगा। महाआरती के बाद महाप्रसाद एवं विशाल भंडारे का वितरण किया जायेगा। वही रात्रि 08 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया है।जिसमें महाकौशल के ख्यातिलब्ध कलाकार सहित स्थानीय कलाकारों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी। शनि मंदिर समिति एवं माता महाकाली मंदिर समिति ने समस्त श्रद्धालुओ से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।



# नपा कर्मियों ने की बुधवारी बाजार क्षेत्र के बड़े नालों की सफाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी विशाल सिंह मस्कोले के निर्देशन में नगर पालिका के सफाई विभाग अमले द्वारा बुधवारी बाजार क्षेत्र के बडे नालों की सफाई कराई गई। विदित होवे की आगामी दिनों में वर्षा ऋतु प्रारंभ होना है जिससे नगरीय क्षेत्र में जलभराव की स्थिति निर्मित न जिसे दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका सिवनी द्वारा विगत 1 सप्ताह से सिवनी नगर के बडे नालों एवं नालियों की साफ सफाई करने का महाअभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका के जेसीबी वाहन से एवं सफाई संरक्षकों द्वारा नालियों में जमा कीचड़, पालीथिन को निकाला जा रहा है एवं गठित टीम द्वारा प्रतिदिन वार्ड अनुसार वृहद स्तर पर नाले.नालियों की सफाई कराई जा रही है। चोक नालियों को फायर वाहन के माध्यम से साफ कराया जा रहा है। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, सीएमओ विशाल सिंह मस्कोले द्वारा निरंतर वार्डों में जाकर नालों की सफाई अभियान का निरीक्षण किया जा रहा है। आज के निरीक्षण के दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी, अशोक वार्ड पार्षद विजय गोलू पंडित उपस्थित रहें। वहीं प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक राज पवमे, स्वच्छता पर्यवेक्षक सुशांत पांडेय अभय बघेल की निगरानी में प्रतिदिन वार्डों में सफाई अभियान जारी है।

## प्रभारी मंत्री श्री वर्मा ने की राजस्व प्रकरणों एवं जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा

# राजस्व प्रकरणों को तय समय-सीमा में निराकृत करने के अधिकारियों को दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

प्रदेश शासन के राजस्व विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने रविवार 25 मई को राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री श्री वर्मा ने जिलें में फार्मर रजिस्ट्री, नामान्तरण, बंटवारा, स्वामित्व योजना की तहसीलवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये।
उक्त बैठक में विधायक सिवनी श्री दिनेश राय, विधायक बरघाट श्री कमल मर्सकोले, विधायक केवलारी श्री रजनीश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, नगरपालिका अध्यक्ष सिवनी श्री ज्ञानचंद सनोडिया, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष श्री वैभव पवार, जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री सीएल चिनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित सभी राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति रही। प्रभारी मंत्री श्री वर्मा ने सभी राजस्व अधिकारियों को शासन की मंशानुरूप समय सीमा में सभी राजस्व प्रकरणों के निराकृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राजस्व विभाग से जुड़ी नामान्तरण, बटवारा जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिये किसी भी व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। सभी आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाये, कोई भी प्रकरण अनावश्यक लम्बित न हो। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को किसानों एवं ग्रामीणों से सद्भावनापूर्वक व्यवहार करने एवं अच्छा कार्य करते हुए अपनी अलग पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर मिलजुल कर जिलें के किसानों एवं आमजनों के कल्याण के लिए कार्य करने के निर्देश दिये।



### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत हुए उल्लेखनीय कार्यो की प्रभारी मंत्री ने की सराहना

प्रभारी मंत्री श्री वर्मा ने जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की भी समीक्षा के दौरान जिलें में अभियान अंतर्गत जल संरचनाओं के संरक्षण की दिशा में हुए बेहतर कार्यो की प्रशंसा की। उन्होंने प्रमुख रूप से जिलें में लक्ष्य से अधिक अमृत सरोवरों, खेत तालाबों के निर्माण कार्यो के साथ-साथ पुरानी जल संरचनाओं को राजस्व खसरे में दर्ज करने के उल्लेखनीय कार्यो के लिए जिला प्रशासन की सराहना की। उन्होंने सम्पूर्ण अभियान के क्रियान्वयन में सक्रिय जनभागीदारी के लिये जिला प्रशासन को बधाई दी।

### ऑफिसर्स क्लब का प्रभारी मंत्री श्री वर्मा ने किया शुभारंभ



प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने कलेक्टर कार्यालय परिसर स्थित ऑफिसर्स क्लब का फीता काटकर क्लब का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक सिवनी श्री दिनेश राय, विधायक बरघाट श्री कमल मर्सकोले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, नगरपालिका अध्यक्ष सिवनी श्री ज्ञानचंद सनोडिया, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष श्री वैभव पवार, जिला भाजपा अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता रही।

### जिला प्रशासन की गिफ्ट ए डेस्क पहल की प्रभारी मंत्री ने की प्रशंसा

प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने जिला प्रशासन द्वारा शासकीय विद्यालयों में डेस्क उपलब्ध कराने के लिए जन सहयोग से चलाई जा रही गिफ्ट ए डेस्क मुहिम की सराहना की हैं। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई भी धर्म नही हैं, सिवनी जिलें में सरकारी स्कूलों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए चलाई जा रही गिफ्ट ए डेस्क पहल में सभी लोगों को आगे आकर अपनी सहभगिता करनी चाहिए। उन्होंने सिवनी जिलें के इस नवाचार को प्रदेश के अन्य जिलों में भी अपनाने योग्य बताया। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को भी अभियान से जुड़ने एवं अन्य व्यक्तियों को प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम समारोहपूर्वक आयोजित हुआ

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

रविवार 25 मई को घँसौर मुख्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर की प्रतिमा अनावरण का कार्यक्रम एवं जल गंगा संवर्धन अभियान का विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम समारोहपूवक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश शासन के राजस्व विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा, प्रदेश शासन की पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण विभाग राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते, विधायक दिनेश राय, विधायक कमल मर्सकोले, विधायक रजनीश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती



मालती डेहरिया पूर्व विधायक श्रीमती शशि ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों कलेक्टर सुसंस्कृति जैन, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता, सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय की सहभागिता रही। जिलें के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व.बाबूलाल गौर को याद करते हुए कहा कि गौर सर्वहारा वर्ग के नेता थे। गौर ने अपने राजनीतिक जीवन मे सदैव गरीबों, मजदूरों की कल्याण की दिशा में कार्य किया। प्रभारी मंत्री यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री गौर के साथ अपने अनुभवों को भी साझा किए।

### विधायक ठा.रजनीश सिंह ने गंगा जल संवर्धन अभियान एवं अन्य कार्यक्रमों में सहभागिता किया



रविवार को केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह जी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक में सहभागिता किया एवं विभागीय कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति तथा जल गंगा संर्वधन अभियान की विस्तृत समीक्षा कर अपने सुझाव रखा। तत्पश्चात विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह जी ने घंसौर मे अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जिला सिवनी द्वारा आयोजित समाज के गौरव, पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय बाबूलाल गौर जी की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अतिथि गणों के साथ पूजन अर्चन एवं पुष्प माला पहनाकर मूर्ति का अनावरण किया। तत्पश्चात विधायक रजनीश हरवंश सिंह जी ने घंसौर ब्लॉक के मंडला तिराहा स्थित ग्राउंड में आयोजित नव संवत्सर एवं गुडी पड़वा के पावन पर्व पर शुभारंभ गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपने विचार रखा एवं उपस्थित जन समुदाय को संबोधित किया।

### कान्हीवाड़ा हाल्ट स्टेशन की विभिन्न मांगों को लेकर सौपा ज्ञापन



**कान्हीवाड़ा।** सिवनी रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर विकसित किया गया इस अवसर पर कान्हीवाड़ा, हाल्ट स्टेशन की विभिन्न मांगों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी शिवानी के महामंत्री एवं प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक कांग्रेस एम नईम खान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के डीआरएम से मिलकर समस्याओं से अवगत कराया जिस पर डीआरएम ने शीघ्र निराकरण की बात कही प्रमुख रूप से रखी गई मांगों में कान्हीवाड़ा, से बंडोल मार्ग में रेलवे अंडर ब्रिज में पानी भरने की समस्या बरसात के समय जिससे 30 से 40 ग्रामों का संपर्क टूट जाता है स्टेशन की ओर नई नाली का निर्माण और वॉल को ऊंचा करना उसके साथी यात्रियों को स्टेशन में आने जाने के लिए रेलवे एप्रोच रोड नहीं होने के कारण भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है अभी यात्री स्टेशन से प्रधानमंत्री सड़क की ओर सीधे उतरने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है स्टेशन बनते समय डंपर आने जाने के लिए जो रोड बनाई गई थी उसी से यात्री आना-जाना कर रहे हैं इसके अलावा स्टेशन पर कुछ बंद पड़े स्ट्रीट लाइट एवं टिकट बुकिंग प्रतीक्षालय के पास प्रकाश की व्यवस्था स्टेशन पर पीने के पानी की सुचारु व्यवस्था की जाए स्टेशन परिषद में ठेकेदार द्वारा आधी अधूरी फेंसिंग लगाकर कलाम के गड्ढे अधूरे छोड़ दिया उन्हें पूरा किया जाए हाल्ट स्टेशन से पहले सीधे भोपाल इंदौर की टिकट की व्यवस्था की गई थी किंतु बाद में बंद हो जाने से यात्रियों के साथ-साथ बुकिंग एजेंट को भी इसका जोखिम उठाना पड़ रहा है सीधे टिकट की व्यवस्था पूर्व की तरह होनी चाहिए स्टेशन के पास से गुजरने वाला नाला जहां पर अधिक मात्रा में कचरा हो जाने से साथी ग्राम के कचरे का वहां फेके जाने के कारण रेलवे अंडर ब्रिज में अधिक पानी भर जाता है जो विकराल समस्या का रूप ले लेता है इस विषय पर ग्राम पंचायत से बार-बार निवेदन के बाद नल की सफाई नहीं की जा रही इसके पूर्व में रजिस्ट्री डाक द्वारा इन सब मांगों के पत्र प्रेषित किए गए थे जिस पर जिला कांग्रेस के महामंत्री नईम खान बताया है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के **DN** दुबे जी एव**AEN** सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया था इसके बाद शीघ्र अंडर ब्रिज की समस्या का निराकरण खान के निवास में बैठ कर अधिकारियों को निर्देश दिए थे एवं पूरा प्लान तैयार कर शीघ्र काम करने की बात कहीं थी किंतु काम प्रारंभ न किए जाने के कारण इस विषय को सिवनी में फिर से रखकर शीघ्र काम किए जाने की बात कही गई है बरसात के पहले अगर ब्रिज का काम प्रारंभ नहीं किया जाता है तो क्षेत्रीय नागरिकों में भारी आक्रोश बन पाएगा जो कभी आंदोलन का रूप भी ले सकता है ज्ञापन की प्रति भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी व्यास डीआरएम सहित क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रजनीश सिंह क्षेत्रीय सांसद को भी प्रेषित किया गया समय रहते शीघ्र समस्या के नीरकरण की बात कही गई है।

# जीतू पटवारी, उमंग सिंगार, सुखदेव पांसे 29 को आयेंगे सिवनी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अखिल भारतीय कॉग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी एवं मध्यप्रदेश कॉग्रेस कमेटी के जुझारू अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंगार, मध्यप्रदेश कॉग्रेस उपाध्यक्ष(संगठन प्रभारी) सुखदेव पांसे का आगमन दिनांक 29 मई 2025 को रात्रि 8 बजे सिवनी में हो रहा है। रात्रि विश्राम पश्चात दिनांक 30 मई 2025 को इंदिरा भवन, जिला कॉग्रेस कार्यालय से संविधान बचाओं कार्यक्रम अम्बेड़कर प्रतिमा तक पैदल मार्च में शामिल होंगे, एवं राशि लॉन में (31 मई 2025 को जबलपुर में आयोजित होने वाली ''जय-हिन्द'' यात्रा सभा, की तैयारियों के संबंध में) कॉग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में दिशा-निर्देश प्रदान करेंगे। इस संबंध जिला प्रभारी, परासिया विधायक सोहन बाल्मिकी जी द्वारा जिला कॉग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित की गई, बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने बताया कि सिवनी में होने वाली संविधान बचाओं कार्यक्रम की जानकारी दी गई एवं 31 मई 2025 को जबलपुर में आयोजित जय-हिन्द यात्रा सभा के लिए उपस्थित पदाधिकारी एवं कॉग्रेस कार्यकर्ता से सुझाव लिए गए। समस्त कॉग्रेस जन ने कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए अपने अपने सुझाव एवं पूर्ण सहयोग दिए जाने की बात कही।

## केवलारी में क्रिकेट का रोमांच, सुपर ओवर में सूर्या 11 की ऐतिहासिक जीत

# सीएम राइज स्कूल केवलारी के समर टूर्नामेंट ने निखारी प्रतिभाएं, बढ़ाया आत्मबल और नेतृत्व कौशल

**केवलारी।** सिवनी जिले के केवलारी मुख्यालय स्थित सीएम राइज स्कूल के खेल मैदान में समर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ग्रीष्मकालीन खेल शिविर के तहत किया गया। इस टूर्नामेंट में कुल चार टीमों ने भाग लिया, जिनके बीच लीग मैचों की श्रृंखला आयोजित की गई। टूर्नामेंट का उद्देश्य बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में एक रचनात्मक मंच प्रदान करना था, जहाँ वे अपने खेल कौशल, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को निखार सकें। आयोजन ने बच्चों के आत्मविश्वास को मजबूत किया और उनमें खेल के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।
फाइनल में बराबरी के रोमांच के बाद सुपर ओवर ने बढ़ाई दिलों की धड़कन
लीग मुकाबलों के बाद फाइनल मैच वैदिक 11 और सूर्या 11 के बीच खेला गया, जो शुरू से ही बेहद रोमांचक रहा। दोनों टीमों ने एक-एक रन के लिए संघर्ष किया और निर्धारित 20 ओवरों में 130-130 रनों की बराबरी कर ली। दर्शकों के बीच उत्साह चरम पर था और मैच का परिणाम सुपर ओवर में तय हुआ। यह क्षण हर खिलाड़ी और दर्शक के लिए ऐतिहासिक बन गया, जहाँ सिर्फ क्रिकेट नहीं, बल्कि जज़्बा और जुनून भी मैदान पर उतर आया।

**सुपर ओवर में सूर्या 11 का धमाका, वैदिक 11 दबाव में ढेर**

सुपर ओवर में सूर्या 11 ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए शानदार 18 रन बना डाले। जवाब में वैदिक 11 की टीम दबाव में आकर महज 8 रन ही बना सकी। सूर्या 11 की इस शानदार जीत ने न केवल टूर्नामेंट का विजेता बना दिया, बल्कि



बच्चों के हौसले और आत्मबल को नई ऊंचाई भी दी। टीम के हर खिलाड़ी का प्रदर्शन काबिल-ए-तारीफ रहा, जिन्होंने जुझारूपन और रणनीति का बेहतरीन प्रदर्शन किया।
वैदिक 11 के कप्तान वैदिक ने फाइनल मुकाबले में 70 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी बल्लेबाजी में संयम और आक्रमकता का अद्भुत संतुलन देखने को मिला। यह पारी टीम को मजबूत स्थिति में ले गई और दर्शकों के लिए रोमांच का केंद्र बनी रही। उनकी यह पारी आने वाले समय में उनके लिए एक प्रेरणादायी अनुभव साबित हो सकती है।

**हर मैच में दिखा अनुशासन, रणनीति और टीम भावना का मेल**

टूर्नामेंट के दौरान बच्चों ने सिर्फ क्रिकेट नहीं खेला, बल्कि अनुशासन, खेल भावना, एकजुटता और नेतृत्व जैसे जीवन-मूल्यों को भी आत्मसात किया। कोचों और आयोजकों द्वारा दिए गए प्रशिक्षण का प्रभाव बच्चों के प्रदर्शन में साफ नज़र आया। सीमित संसाधनों में भी बच्चों की समर्पण भावना और खेल के प्रति उनका जुनून देखने लायक था। समापन समारोह में कई प्रतिष्ठित अतिथि मौजूद रहे, जिनमें म.प्र. श्रमजीवी पत्रकार संघ केवलारी के मनीष जैन जिला अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष रफीक खान, सांसद प्रतिनिधि सुधीर पांडे, रमाशंकर महोबिया , एडवोकेट- पवन यादव, नीलेश अवधिया, वैनगंगा टाइम्स से देवराज डेहरिया और प्रवीण दुबे, एकलव्य स्पोर्ट्स अकादमी के कोषाध्यक्ष अभय अग्रवाल और उपाध्यक्ष बाबा करीम खान, खेल विशेषज्ञ हेमंत शेंडे, कोच आशीष चौरसिया (मुंबई) व शुभम (उत्तर प्रदेश) सहित कई खेलप्रेमी शामिल थे। इन अतिथियों ने खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन में कोई कसर नहीं छोड़ी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, परवीन बानो ,सुधीर मुजारे, हेमन्त कुमार शेण्डे, दीपक गोस्वामी (खेल शिक्षक सिवनी,खेल प्रशिक्षक परवीन खान, सुधीर मुंजारे,पवन बघेल मलारा,धरम चन्द जैन,प्रीतम पाल, रूपेश शर्मा, आशीष चौरसिया शुभम (कैंप कोच उ.प्र.)के साथ ही क्रीम रिदा स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रमुख क्रिकेट प्रशिक्षक वासिद कुरैशी की उपस्थिति में यह आयोजन सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के शुभारम्भ में टीमो के परिचय के साथ मैच आरंभ हुआ।

### जनचर्चा 1 रायल्टी पर चार चक्कर लगाने के फेर में हुआ हादसा, करीब 4 घंटे तक स्टेट हाईवे रहा बंद, ब्रेकर बनाने की मांग

# डंपर की चपेट में आने से दो युवकों की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

रेत का अवैध परिवहन कर राजस्व की चोरी कर मोटा मुनाफा कमाने की मंशा से सड़क पर तेज रफ्तार से दौड़ रहे डंपर की चपेट में आने से दो नौजवान युवकों की दर्दनाक मौत हो गई. हादसा रविवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे स्टेट हाइवे कटंगी से बोनकट्टा तुमसर मुख्य सड़क मार्ग पर कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम सावरी में हुआ. जिसमें पिपरिया (सोनेगांव) निवासी दो युवकों (दोस्तों) की मौके पर ही तड़प-तड़पकर दर्दनाक मौत हो गई. हादसे के बाद गुस्साई भीड़ ने दोनों के शवों को सड़क पर रखकर करीब 04 घंटे तक चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया. जिस कारण मुख्य सड़क मार्ग पर आवागमन बंद रहा है और सभी छोटे-बडे. वाहनों को परिवर्तित मार्ग से आवागमन करना पड़ा. हादसे के बाद चक्काजाम की सूचना मिलते ही एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा, कटंगी तहसीलदार सुरेश उपाध्याय, तिरोड़ी तहसीलदार गीता राहंगडाले, कटंगी थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले, तिरोड़ी थाना प्रभारी कौशल कुमार सूर्या सहित बालाघाट लाईन, वारासिवनी, लालबर्रा, खैरलांजी थाने का पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा. पुलिस लगातार ग्रामीणों को समझाइश देते हुए शवों को सड़क से हटाने की मांग करती रही. लेकिन ग्रामीण डंपर मालिक को घटनास्थल पर बुलाने और पीड़ितों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान कराने की मांग पर अड़ गए. दोपहर में करीब साढ़े 03 बजे स्थानीय जनप्रतिनिधियों की समझाइश और डंपर मालिक से 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि मिलने के बाद शवों को सड़क से हटाकर पीएम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचाया गया और शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया. पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है. जनचर्चा है कि यह भीषण सड़क हादसा रेत का अवैध परिवहन कर राजस्व की चोरी करने की वजह से हुआ है, और इस बात के संकेत भी मिले है. पूर्व सांसद कंकर मुंजारे, समाजसेवी राजा लिल्हारे ने बताया कि एक दिन पहले यानी शनिवार की रात्रि साढ़े 10 बजे डंपर की सागर के लिए रायल्टी कटी लेकिन यह डंपर सागर ना जाकर एक ही रायल्टी में सिवनी के चार चक्कर लगा रहा था. जिस कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ. कंकर मुंजारे और राजा लिल्हारे ने रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन को लेकर कलेक्टर, जिला खनिज अधिकारी और स्थानीय प्रशासन को आड़े हाथ लिया और कहा कि अगर प्रशासन समय रहते रेत की चोरी करने वाले वाहनों पर नकेल कसता तो शायद आज जो हादसा हुआ वह ना होता. इस भीषण हादसे के बाद सावरी में स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग उठ रही है. ग्रामीणों का कहना है कि सावरी मोड़ाई में ब्रेकर की जरूरत है ताकि इस तरह के हादसे दोबारा ना हो. बहरहाल, पुलिस ने डंपर को जब्त कर अभिरक्षा में ले लिया है. वहीं वाहन चालक उमेश पिता सर्वानंद चन्द्रवंशी उम्र 23 वर्ष निवासी अतरवाड़ा जिला छिंदवाड़ा और परिचालक अनुराग पिता मानसिंह रघुवंशी (डंपर मालिक का नाबालिग पुत्र) उम्र 17 वर्ष निवासी पातालेश्वर जिला छिंदवाड़ा दोनों को पुलिस थाने ला चुकी है।





#### हादसे में दो दोस्तों की मौत

सावरी में डंपर क्रमांक एमपी 28 जेडएम 6942 की चपेट में आने से बाइक सवार जिन दो युवकों की मौत हुई है वह आपस में दोस्त थे. प्राप्त जानकारी अनुसार हादसे में जितेन्द्र पिता यशवंत मांडरे उम्र 28 वर्ष और कमलेश पिता सुरज लाल कोर्राम उम्र 30 वर्ष दोनों निवासी पिपरिया की मौत हुई है. जितेंद्र के परिवार में एकमात्र वहीं पुरुष सदस्य था. जितेन्द्र के दो भाईयों और पिता की पहले ही मौत हो चुकी है. जितेन्द्र की मौत के बाद परिवार में एक बहन, भाभी और मां रह गई है. कमलेश की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा है. कमलेश की करीब ड़ेढ़ वर्ष पहले ही शादी हुई थी. उसका 01 माह का शिशु है जिसके सिर से अब पिता का साया उठ चुका है. जितेन्द्र और कमलेश दोनों दोस्त थे और दोनों बाइक से अपने घर पिपरिया की तरफ जा रहे थे. जिनकी बाइक को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी।

#### घटनास्थल से भाग खड़े हुए डंपर

जिस डंपर से यह हादसा हुआ है उस डंपर के चालक उमेश चन्द्रवंशी और परिचालक अनुराग रघुवंशी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है जबकि इस घटना के बाद अन्य डंपर जो रेत लेकर बोनकट्टा से कटंगी की तरफ से होकर सिवनी की तरफ जाने वाले थे. वह सभी डंपर बढ़ते तनाव को देखते हुए मौके मिलते ही वाहनों को लेकर मौके पर से फरार हो गए. इन डंपरों के पास भी सागर की रायल्टी होने की बात सामने आई है. खैर, खनिज और पुलिस को इस बात की जांच करनी चाहिए कि सागर की एक ही रायल्टी पर इस डंपर ने सिवनी के कितने चक्कर लगाए है. यह घटना खनिज, पुलिस और राजस्व तीनों ही विभागों के अधिकारियों के लिए एक सूचक है कि एक ही रायल्टी पर रेत का धड़ल्ले से अवैध परिवहन हो रहा है जिससे राज्य सरकार को राजस्व की हानि हो रही है।

#### सदन में क्यों गायब अवैध रेत खनन का मुद्दा

रेत के अवैध कारोबार से पूरा जिला त्रस्त है, रेत चोर करोड़पति हो गए है. रेत चोरी का काला कारोबार सत्ताधारी नेताओं के गठजोड़ से हो रहा है. यह बात भी किसी से छिपी नहीं है. अगर, ऐसा ना होता तो बालाघाट जिले की जीवनदायिनी नदियों का सत्यानाश ना होता. नेताओं की कथनी और करनी में बहुत अंतर होता है, यह बात जिले की नदियों के हाल बयां कर रहे है. जहां दिन-रात और पूरे साल भर निरंतर अवैध उत्खनन रहा है. सत्ताधारी और विपक्षी दल के नेता अपने-अपने क्षेत्र की भोली-भाली मासूम जनता को नदियों को बचाने रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन को रोकने के लिए प्रेरित कर रहे है. जनप्रतिनिधियों से प्रेरणा पाकर मासूम जनता कई मौकों पर कानून को अपने हाथों में लेकर खुद ही गांव में विवाद कर रही है और फिर कानूनी दांव पेंच में उलझ रही है. लेकिन जनता को बरगलाने वाले जनप्रतिनिधि सदन के भीतर अपने क्षेत्र और जिले में रेत के अवैध उत्खनन को लेकर कभी कोई मुद्दा नहीं उठाते।

# मोटर चोरी के शक में पीटा, हत्या के आरोप में दो को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के मानेगांव में रहने वाले 52 वर्षीय सुदेश सिंगरे की हत्या की गई थी। यह खुलासा पोस्ट मॉर्टम रिपोर्ट से हुआ है। पहले भरवेली थाना पुलिस इसे सामान्य मौत मान रही थी।

पोस्टमॉर्टम से पता चला कि सुदेश की गर्दन की हड्डी टूटने से सांस नली बंद हुई, जिससे मौत हुई। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया और जांच शुरू की। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि मानेगांव के रहने वाले 43 वर्षीय रंजीत उर्फ माजू केट्टी और 42 वर्षीय सुरेश हिरवाने ने मोटर चोरी के शक में सुदेश को खेत में बुलाया था। आरोपियों ने उसे शराब पिलाई और मोटर चोरी के बारे में पूछताछ की। इस दौरान विवाद हुआ और दोनों ने सुदेश की पिटाई कर दी।

21 मई को आरोपी सुदेश को नशे की हालत में घर छोड़ गए। अगले दिन उसकी तबीयत बिगड़ी और जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां रात में उसकी मौत हो गई। परिजन शराब पीने से मौत का कारण मानकर शव घर ले आए। 23 मई को अंत्येष्टि की तैयारी के दौरान शरीर पर चोट के निशान दिखे। पुलिस को सूचना मिली और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा था।

थाना प्रभारी संजय ऋषिश्वर के अनुसार, शरीर पर हलके निशान होने और अंदरूनी चोट होने के कारण शुरू में मामला सामान्य लगा। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

### अहिल्या बाई होलकर की 300 वी जन्म जयंती के अवसर पर व्याख्यान माला सम्पन्न

**बालाघाट।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर के सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा आज राजा भोज शासकीय महाविद्यालय कटंगी में प्रातः स्मरणीय अहिल्या बाई होलकर जीवन चरित्र पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया । व्याख्यान माला को सम्बोधित करते हुए सुरेंद्र कुमार भगत ने कहा कि प्रदेश में अनेक स्थानों पर इस प्रकार की व्याख्यान माला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विगत दिनों इंदौर में भी अनेकानेक कार्यक्रम में अहिल्या बाई होलकर के जीवन पर आधारित कार्यक्रम में सहभागी रहे । श्री भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के शासन काल में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण जैसे काम आज भी दिखते है। उन्होंने बताया कि चाहे किले हो चाहे बावडी या फिर तालाब हो इन सब चीजों पर अहिल्या बाई ने 1762 से लेकर 1795 तक मालवा राज्य शासन किया।

## नपा वारासिवनी का तालाबों के गहरीकरण व सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जल संरचनाओ का संरक्षण एवं पुनर्जीवीकरण के उद्देश्य से सतत गतिविधिया एवं कार्य नगरपालिका वारासिवनी द्वारा कराया जा रहा है। ज्ञात हो कि शासन द्वारा 30 मार्च से 30 जून तक क्रियांवित जल गंगा संवर्धन अभियान में विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन जारी है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी जल संरचनाओ जैसे नदी, तालाब, कुए, घाट, बावड़ी एवं अन्य जल स्त्रोतों को अविरल बनाए रखते हुए इनका संरक्षण एवं संवर्धन किया जाना है। जिससे भविष्य में जल आपूर्ति की समस्या उत्पन्न ना हो। अभियान अंतर्गत नगरपालिका वारासिवनी द्वारा संचालित गतिविधियों के विषय में सीएमओ सूश्री दिशा डेहरिया द्वारा अवगत कराया गया कि शासन द्वारा संचालित अभियान की महत्वता को दृष्टिगत रखते हुए निकाय द्वारा अभियान प्रारंभ होने की तिथि से लेकर निरंतर जल संरचनाओ के संरक्षण संवर्धन एवंम पुनर्जीवीकरण तथा वर्षा जल संचय को लेकर नियमित रूप से गतिविधिया एवं फील्ड पर कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है।

## विद्यार्थियों के साथ जल संवाद कर दिलाई जल संरक्षण की शपथ

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम जिले वासियों द्वारा जल गंगा संवर्धन में सहभागिता स्थापित की जा रही है। इसी कड़ी में रानी दुर्गावती महाविद्यालय परसवाड़ा में श्री सुशील बर्मन जिला समन्वयक ने जल संवाद किया। साथ ही विद्यार्थियों को बताया कि जल संकट से निपटने जल स्त्रोतों जैसे नदी तालाब कुएं के संरक्षण की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। उन्होंने कहा कि मनुष्य ने भूमि का जल का शोषण किया है। जबकि दोहन करना था। वर्तमान में भूमि का जल स्तर निरंतर गिरता जा रहा है। जहां 40 फीट पानी था। आज 400 फीट तक पानी नहीं निकल रहा। यदि अभी भी नहीं चेते तो जल कि स्थिति भयावह होगी। एवं सभी विधार्थियों को जल स्त्रोतों के संरक्षण कि शपथ दिलाई गई।

## जिला मरारमाली समाज ने आयोजित किया विद्यार्थियों का सम्मान समारोह

**बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाने वाले 12वीं के 95 व 10वीं के 156 बच्चों का किया सम्मान**



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला मरारमाली समाज बालाघाट के द्वारा आज 25 मई को कक्षा बारहवी व दसवी के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों तथा नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयाजित किया गया। इस दौरान कक्षा बारहवी में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले 95 विद्यार्थियों तथा कक्षा दसवी में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लानेवाले 156विद्यार्थियों सहित नवोदय विद्यालय के लिये चयनित 5 बच्चों का सम्मान किया गया। सम्मान स्वरूप बच्चो को प्रशस्ती पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि अशोक मरठे प्राचार्य शास. महाविद्यालय खमरिया (जबलपुर),प्रमुख अतिथि पारस ठाकरे सहायक प्राध्यापक पी.जी. कॉलेज बालाघाट थे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश पंचे जिला अध्यक्ष मरारमाली समाज बालाघाट ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में बालाघाट ब्लाक से धनेन्द्र पांचे उ.मा.शिक्षक, प्रज्ञा मानेश्वर शा. प्रबंधंक ग्रामीण बैंक, रविकांत पांचे उच्च. माध्यमिक शिक्षक, मनीषा कावरे स्वास्थ्य विभाग उपस्थित रहे। इसी तरह वारासिवनी ब्लाक से नंदलाल तामेश्वर शिक्षक, सुलोचना भंवरे प्राथमिक शिक्षक, लालबर्रा से चिरंजय मानेश्वर सहा सांख्यिकी अधिकारी, सरोज देशमुख प्राथमिक शिक्षक उपस्थित रहे। जबकि कटंगी से आर.पी.मरठे शाखा प्रबंधक सहकारी बैंक, भारती नागेश्वर प्राथमिक शिक्षक, खैरलांजी से दुलीराम भंवरे प्राथमिक शिक्षक, किरनापुर से गणेश मानेश्वर उ.मा.शिक्षक, गणेश देशमुख उ.मा.शिक्षक, पुष्पा खैरवार उच्च.मा. शिक्षक, हस्तकला बाहेश्वर मा. शिक्षक, लांजी से उत्तम देवाहे, गौरी इंगले अतिथि शिक्षक, कलावंती बड़मे आ. कार्यकर्ता, बिरसा परसवाड़ा से सुकरूलाल गाडेश्वर कोल माइंस, धन्नालाल पंचेश्वर माध्यमिक शिक्षक, संजय पंचेश्वर आ. सिविल इंजिनियर, मोहिनी मरठे स्वास्थ्य विभाग,शिवकुमार मानेश्वर प्राचार्य शा.उ.मा. विद्यालय परसवाड़ा, शशांक

# बारिश से पूर्व अलर्ट मोड पर वारासिवनी नपा

## नगर के नाले नालियों की साफ-सफाई व मलबा निकासी कार्य किया प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के बारिश से पूर्व शहर की स्थिति में आवश्यक सुधार के निर्देशों के बाद वारासिवनी नगर पालिका ने अलर्ट मोड पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। वर्षा ऋतु के दौरान जल भराव जैसी स्थिति निर्मित ना हो इसी उद्देश्य से नगरपालिका वारासिवनी ने नगर में समस्त वार्डो में स्थित सभी बड़े छोटे नालों नालियों का निरिक्षण एवं चिन्हांकन कर साफ-सफाई मलबा निकासी कार्य कराया जा रहा है। नगर में जल भराव की स्थिति के बारे में सीएमओ सुश्री दिशा डेहरिया ने बताया कि निकाय द्वारा वर्षा ऋतु से पूर्व निकाय के स्वास्थ्य अमले को आदेशित किया गया है कि समस्त वार्डो में निरिक्षण कर सभी बड़े-छोटे नालों-नालियों की स्वच्छता एवं चोक जैसी समस्या को तत्काल निराकृत किये जाए। जिसमे निकाय का सफाई अमला प्रतिदिन वार्डो में भ्रमण कर सभी बड़े-छोटे नालों-नालियों की सफाई कर मलवा निकासी का कार्य किया जा रहा है।

#### 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण शेष कार्य 2 से 3 दिन में पूर्ण किया जाएगा

सीएमओ सुश्री डेहरिया ने बताया कि वर्तमान में निकाय क्षेत्रान्तार्गत 85 से 90 प्रतिशत नाला नालियों की साफ-सफाई एवं मलबा निकासी कर कीटनाशक पाउडर आदि का छिडकाव कराया जा चूका है। इसके अलावा शेष 10 प्रतिशत नालियों का सफाई कार्य 2 से 3 दिवस में पूर्ण कर लिया जाएगा। जिससे वर्षा के दौरान किसी भी वार्ड अथवा सार्वजानिक स्थान मार्गो आदि पर किसी भी प्रकार के चोक के कारण जल भराव जैसी स्थिति निर्मित न हो एवं पानी नाला नालियों के माध्यम से सुगमता से निकासी हो सकें निकाय द्वारा प्रतिवर्ष ही वर्षा ऋतु से पूर्व सभी नाला नालियों की सम्पूर्ण साफ-सफाई कार्य पूर्ण कर लिया जाता है नगर में जल भराव की स्थिति न हो



इसकी प्रारभिक तैयारी की जाकर स्वच्छता के सभी उपाय एवं कार्य निकाय द्वारा पूर्ण किये जा रहे है।

## 36वीं जिला तैराकी प्रतियोगिता शुरू, 50 खिलाड़ी दिखा रहे प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट में रविवार को एक निजी स्कूल के स्विमिंग पूल में 36वीं जिलास्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन और नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर की उपस्थिति में प्रतियोगिता की शुरुआत हुई।**

प्रतियोगिता में 8 से 17 साल तक के 50 बालक-बालिकाएं भाग ले रहे हैं। प्रतिभागियों को चार आयु वर्गों में बांटा गया है - 8-9 वर्ष, 10-11 वर्ष, 12-14 वर्ष और 15-17 वर्ष।

खिलाड़ियों को फ्री-स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक और बटरफ्लाई श्रेणियों में अपना कौशल दिखाना है। प्रतियोगिता 25 मीटर से 400 मीटर तक की दूरी में आयोजित की जा रही है।

#### चयनित खिलाड़ी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे

जबलपुर से आए एनआईएस तैराकी कोच प्रशांत कुशवाहा, योगेंद्र सिंह ठाकुर और अनिता पंद्राम प्रतियोगिता का निरीक्षण कर रहे हैं। वे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन करेंगे। चयनित खिलाड़ी 1 से 5 जून तक खंडवा में होने वाली 53वीं राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला तैराकी संघ के सचिव महेंद्र सुराना ने बताया कि संघ पिछले 36 वर्षों से लगातार इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष संजीव भाऊ अग्रवाल, उपाध्यक्ष नितेंद्र श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता का समापन शाम 5 बजे पुरस्कार वितरण के साथ होगा।



### नपाध्यक्ष द्वारा किया जा रहा नाले-नालियों स्वच्छता कार्य का निरीक्षण

# नपा द्वारा चलाया जा रहा मानसून पूर्व सफाई अभियान

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा नगर के छोटे-बड़े नाले-नालियों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है, प्रतिदिन इस कार्य का निरीक्षण करने के लिये नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर द्वारा उपाध्यक्ष एवं सभापति के अलावा वार्ड पार्षद के साथ नपा सीएमओ बीडी कतरोलिया, स्वच्छता प्रभारी सूर्यप्रकाश उके कर्मचारियों के अमले के साथ पहुंचकर निगरानी बरतते हुए कार्य को पूर्ण किया जा रहा है।



शहर में जलभराव एवं बारिश के पानी की निकासी के लिये नपा बालाघाट द्वारा नालियों एवं नालों के निर्माण को पूर्ण किया जा रहा है कुछ कार्य प्रगतिरत है जिन्हें जल्द पूरा किया जायेगा। निचली बस्तियों एवं शहर के वार्डो में जलभराव की स्थिति निर्मित ना हो इस हेतु मानसून पूर्व सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसकी निगरानी नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, स्वच्छता सभापति संगीता कावरे द्वारा संबंधित वार्ड पार्षद के साथ वार्डो में पहुंचकर की जा रही है। प्रतिदिन नपाध्यक्ष द्वारा वार्डो में सफाई कार्य का फीडबैक लेने के साथ ही मौके पर पहुंचकर उचित दिशा-निर्देश दिये जा रहे है। शहर के वार्ड क्रं. 24, 28 एवं 32के अलावा 2, 3,4, 5, 6 एवं 29 इन वार्डो में छोटे-बड़े नालों की सफाई पोकलेन मशीन के द्वारा कराई गई है जबकि वार्ड क्रं 01,11 ,13 ,32,33 के साथ ही अन्य आऊटर क्षेत्र के नालों पर भी सफाई को लेकर विशेष कार्य किया गया है। उसीप्रकार सर्किट हाऊस (गोंदिया)रोड, वार्ड क्रं. 28 गुरूद्वारे तथा गुजराती समाजवाड़ी के पास, एमएलबी स्कूल मार्ग के निकट पडन्ने वाले नालों की सफाई तथा वार्ड क्रं.11 भटेरा रोड, वार्ड क्रं.25 मोती उद्यान के सामने एवं निचले वार्डो के नालियों की सफाई करते हुए गाद एवं जलनिकासी में बाधित कचरे को बाहर कर इसे साफ किया जा रहा है। साथ ही रेल पटरियों के किनारे बुढ़ी ,भटेरा मार्ग ,बैहर रोड वार्ड नं 05,06 व 29 में नालों की सफाई के लिये हमारी सांसद भारती पारधीजी के सहयोग से रेल्वे विभाग से अनुमति प्राप्त कर ली गई है जिस सफाई कार्य को आज से पोकलेण्ड मशीन के माध्यम से किया जाएगा वहीं हमारे बालाघाट नगर की ज्वलंत समस्या हनुमान चौक का जल भराव से निजात दिलाने के लिए भी नगर पालिका ने पूरी प्लानिंग बनाकर उसकी कार्ययोजना बनाकर तीन करोड रुपए का टेंडर लगा दिया है, जिसकी कार्यवाही पूर्ण होते ही भविष्य में जल्दी कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उसके पूर्व भी उक्त नाले की सफाई करने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं और आने वाले दिनों में जरूर ही हनुमान चौक जल भराव से नगर वासियों को निजात मिलेगी। विशेष रूप से इन कार्यों का नपाध्यक्ष द्वारा सतत निरीक्षण करते हुए स्वच्छता कर्मियों को सफाई कार्य में गति देने के लिये प्रेरित किया जा रहा है जबकि नगरवासियों से भी स्वच्छता कार्य को लेकर प्रतिदिन चर्चा हो रही है।

#### नाले-नालियों को कूड़ाघर ना बनाये-नपाध्यक्ष

स्वच्छता कार्य को लेकर नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने कहा कि सफाई कार्य के दौरान देखने में आता है कि प्लास्टिक एवं कांच की बोतलें, पॉलिथिन एवं अन्य कूड़ा-करकट नाले एवं नालियों में डाल दिया जाता है जो जल निकासी में बाधा उत्पन्न करता है। उन्होंने कहा कि हमारा परिसर एवं वार्ड तभी स्वच्छ होगा जब हम स्वच्छता के प्रति जागरूक रहेंगे तथा नाले-नालियों को केवल जलनिकासी हेतु प्रयुक्त बना पाएंगे जिससे कि मानसून के दौरान भारी बारिश के समय नाले-नालियों से सही तरीके से जल निकासी हो सके जिससे कि वार्डवासियों को जलभराव जैसी समस्या का सामना ना करना पड़े स्वच्छता यह केवल किसी संस्था की नहीं बल्कि सामूहिक जवाबदेही है जिसका निर्वहन सभी को मिलकर करना जरूरी है।